पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विधान भवन परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

चौधरी साहब को देश के कृषि व राजस्व क्षेत्र में अनेक सुधार करने का श्रेय जाता : मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार चौधरी साहब की स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही

लखनऊ : 29 मई, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आज यहां विधान भवन परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न स्व0 चौधरी चरण सिंह जी की पावन पुण्यतिथि है। वह 29 मई, 1987 को अपनी नश्वर काया से मुक्त होकर दिवंगत हुए। भारत माता के महान सपूत तथा किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को उत्तर प्रदेश की धरती पर हुआ था। उन्होंने देश के स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेकर अपना अमूल्य योगदान दिया था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चौधरी साहब को देश के कृषि व राजस्व क्षेत्र में अनेक सुधार करने का श्रेय जाता है। उनका स्पष्ट कहना था कि देश के विकास का रास्ता गांव और खेत–खलियानों से होकर जाता है, इसलिए किसान विकास के एजेण्डे का हिस्सा तथा सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। देश के हित के लिये चौधरी साहब द्वारा किए जाने वाले कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। प्रदेश सरकार चौधरी साहब की स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही है। इनमें लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह सीड पार्क महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री के0पी0 मलिक, सांसद श्री बृज लाल, विधान परिषद सदस्य श्री लालजी प्रसाद निर्मल, श्री श्रीराम चन्द्र प्रधान, श्री उमेश द्विवेदी, विधायक श्री नीरज बोरा, श्री अमरेश कुमार, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

———————